न्यायालय सहायक कलक्टर (मु0) धौलपुर

पीठासीन अधिकारी – डॉ साधना शर्मा (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या : 40 / 2024

1. बलराज सिंह बैंस पुत्र गुरदीप सिंह बैंस उम्र करीब 32 वर्ष जाति जाट सिक्ख निवासी रूंध, महमदपुर तहसील व जिला धौलपुर
2. सचिन गोस्वामी उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र श्री विष्णु भारती जाति गोस्वामी निवासी मचकुण्ड धौलपुर तहसील व जिला धौलपुर .... वादीगण

बनाम

1. ज्ञानसिंह पुत्र करनेल सिंह
2. वलिहार सिंह पुत्र करनेलसिंह
   जातिगण जाट सिक्ख निवासी बसई सामन्ता तहसील व जिला धौलपुर राज0
3. श्रीमान् तहसीलदार धौलपुर वहैसियत लैण्ड होल्डर

..................................प्रतिवादीगण

दावा अन्तर्गत धारा 53, 188 आर.टी.एक्ट वास्ते
बंटवारा एवं स्थाई निषेधाज्ञा

निर्णय — दिनांक 03.12.2024

वादीगण ने विरूद्ध प्रतिवादीगण दिनांक 27.05.2024 को एक राजस्व वाद बाबत् बटवारा काश्त एवं स्थाई निषेधाज्ञा न्यायालय में पेश किया। जो दिनांक 20.09.2024 को बाद तहकीकात दावा प्रांरम्भिक रूप से डिक्री किया गया, तथा तहसीलदार धौलपुर से विभाजन प्रस्ताव तलब किये गये। तहसीलदार धौलपुर ने पत्रांक 764 दिनांक 19.11.2024 से विभाजन प्रस्ताव न्यायालय में प्रेषित किये है। तहसीलदार धौलपुर के द्वारा प्राप्त हुए प्राप्त विभाजन प्रस्तावों पर वकील उभयपक्ष की बहस सुनी गई, वकील उभयपक्ष ने विभाजन प्रस्ताव पर अपनी सहमति जाहिर की, एवं मुताबिक विभाजन प्रस्ताव दावा वादी डिक्री किये जाने का निवेदन किया।

हमने वकील उभयपक्ष की बहस का मनन किया एवं तहसीलदार से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजातों का अवलोकन किया विभाजन प्रस्ताव पक्षकारों के दर्ज हिस्से अनुसार ही है। वकील उभयपक्ष विभाजन प्रस्ताव पर सहमति जाहिर की है। ऐसी स्थिति में दावा वादीगण मुताबिक विभाजन प्रस्ताव अंतिम रूप से डिक्री किया जाना न्यायोचित समझते है।

अतः आदेश है कि दावा वादीगण मुताबिक विभाजन प्रस्ताव अंतिम रूप से डिक्री किया जाकर पक्षकारों को विवादित आराजी खसरा नम्बर 425 रकवा 0.3288 हैक्टेयर, बाकै ग्राम नरपुरा तहसील व जिला धौलपुर में निम्नानुसार पृथक–पृथक खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है।

खातेदार का नाम	खसरा नम्बर	रकवा
1. ज्ञानसिंह पुत्र करनेलसिंह हि. 13 / 25, सिंह पुत्र करनेलसिंह हि. 12 / 25, जाति जाट सिक्ख सा. बसईसामन्ता खातेदार ज्ञानसिंह हि. 13 / 25 राहिन पी.एन.बी. शाखा धूलकोट धौलपुर	425 / 1 उत्तर दिशा	0.1076 है0
2. बलराजसिंह बैंस पुत्र गुरदीप सिंह बैंस हि. जाति जाट सिक्ख सा. रुंध महमदपुर, सचिन गोस्वामी पुत्र विष्णू भारती	425 / 2 दक्षिण दिशा	0.2212 है0

सहायक कलक्टर मुख्यालय
धौलपुर (राज0)

मा नम्बर	किस्म मुकदमा	तारीख दायरा	तारीख फैसला	कैफियत	वर्गीकरण

हि. 1/2 जाति गोस्वामी सा. मचकुण्ड धौलपुर
खातेदार

कुल किता 02 कुल रकवा 0.3282 हैक्टेयर बाकै ग्राम नरपुरा तहसील व जिला धौलपुर कुल लगान 0.99 रूपये।

उपरोक्तानुसार ही पक्षकारों के खाते एवं लगान पृथक– पृथक कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। विभाजन प्रस्ताव के अनुसार बैंकों के राहिन के इन्द्राज बदस्तूर रखे जावे। विवादित आराजी के कुल लगान 0 रूपये 99 पैसे के बीस गुना राशि पर देय मुद्रांक कर 01 रूपये 98 पैसे के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेश होने पर पर्चा डिक्री जारी हो पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 03.12.2024 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया ।

(डॉ साधना शर्मा)
सहायक कलक्टर मु0
धौलपुर

सहायक कलक्टर न्यायालय
धौलपुर (राज०)

सहायक कलक्टर (मुख्यालय) धौलपुर (राज०)